## खबर संक्षेप

### वंदेमातरम के साथ हुई कार्यालयीन कामकाज की शुरूआत

**सतना।** मार्च माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस सहित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रुप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम तथा राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन करने के उपरांत कार्यालयीन काम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर आयुक्त नगरनिगम शेर सिंह मीना,अपर कलेक्टर विकास सिंह,सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह, एसडीएम महिपाल सिंह,अनिकेत शांडिल्य,एलआर जांगड़े,सुमेश द्विवेदी,आरएन खरे,जितेंद्र कुमार वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सतना जिले में 4 मार्च को बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीष कुमार एस द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 के तहत 4 मार्च 2026 बुधवार अर्थात होली (जिस दिन रंग खेला जायेगा) का त्यौहार होने पर कानून व्यवस्था की दृष्टि से जिले में शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार 3मार्च को रात्रि 11:30 बजे से 4 मार्च 2024 को सायं 5 बजे तक संपूर्ण सतना जिले में स्थित समस्त देशी,विदेशी मदिरा दुकानें,एफ.एल.-3,वाईन की फुटकर बिक्री (रिटेल आउटलेट), एफ.एल.-9 इकाईयां पूर्णतः बंद रखी जायेंगी। मदिरा दुकानों पर बिक्री पूर्णतः निषेध रहेगी। इस दौरान देशी मदिरा भण्डागार सतना से प्रदाय पूर्णतः निषेध रहेगा। कलेक्टर ने जारी आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### मैहर में पुलिस का व्यापक फ्लैग मार्च

**मैहर।** होली पर्व के मद्देनज़र जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशानुसार मैहर शहर में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैगमार्च का नेतृत्व सीएसपी मैहर महेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान मैहर टीआई अनिमेश द्विवेदी,यातायात प्रभारी,बदेरा टीआई अभिषेक सिंह,नादन टीआई रेनू मिश्रा सहित पुलिस लाइन का बल एवं समस्त पुलिस बल उपस्थित रहा। पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों,बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में पैदल एवं वाहन के माध्यम से भ्रमण किया। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन को होली पर्व आपसी भाईचारे,सौहार्द और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या कानून व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।साथ ही नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया गया। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए मैहर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

### शराब तस्करी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**सतना।** शहर की कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में गोवा अंग्रेजी शराब और तस्करी में प्रयुक्त कार जब्त की है।पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और एएसपी डॉ.शिवेश सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी की टीम ने सोमवार को नजीराबाद रोड पर नाकाबंदी की। मुखबिर से सूचना मिली थी कि उचेहरा की ओर से एक सफेद कार में शराब की खेप आ रही है।संदेह के आधार पर जब कार को रोककर तलाशी ली गई,तो उसकी डिग्गी से 07 कार्टून (कुल 350 पाव) गोवा अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

# करोड़ों का बस स्टैंड बना 'शोपीस', सड़कों पर अराजकताः रसूखदारों के आगे नतमस्तक

**सतना। शहर के विकास और यातायात को सुव्यवस्थित करने के नाम पर करोड़ों रुपए की लागत से नया बस स्टैंड तो खड़ा कर दिया गया,लेकिन इसकी उपयोगिता आज भी फाइलों और बैठकों तक ही सीमित है। आलम यह है कि शहर के हृदय स्थल पर स्थित पुराने बस स्टैंड से बसों का संचालन बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। नतीजा-रीवा रोड,सिमरिया चौक और सर्किट हाउस जैसे प्रमुख इलाकों में जनता 'ट्रैफिक जाम' के नरक को झेलने को मजबूर है।**

### बैठकें बेनतीजा,जनता बेहाल

पिछले दिनों प्रशासन और बस संचालकों के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक से शहरवासियों को बड़ी उम्मीदें थीं। कयास लगाए जा रहे थे कि अब सभी बसों का संचालन नए टर्मिनल से अनिवार्य कर दिया जाएगा, लेकिन ढाक के वही तीन पात रहे। बैठक में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया,जिससे बस संचालकों के हौसले और बुलंद हो गए हैं। प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली यह बताने के लिए काफी है कि जनहित उनकी प्राथमिकता में नहीं है।

### जाम और 'धमाचौकड़ी' से कराह रहा शहर

पुराने बस स्टैंड से बसों के संचालन के कारण रीवा रोड और सिमरिया चौक पर सुबह से रात तक ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त रहती है।इसी अव्यवस्था के बीच सवारी भरने की होड़ में ऑटो चालकों की 'धमाचौकड़ी' आग में घी डालने का काम करती है। बीच सड़क पर बसें खड़ी करना और ऑटो का बेतरतीब जमावड़ा नागरिकों के लिए जी का जंजाल बन चुका है। पैदल चलने वालों से लेकर एम्बुलेंस तक इस जाम में फंसी नजर आती हैं।




### आरटीओ और पुलिस की संदिग्ध चुप्पी

नागरिकों का सीधा आरोप है कि यातायात पुलिस और आरटीओ विभाग के अधिकारी सिर्फ मूकदर्शक बने हुए हैं। आरोप तो यहाँ तक हैं कि मिलीभगत के चलते इन अवैध स्टैंड्स पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है। व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कागजों पर तो आदेश निकलते हैं,लेकिन धरातल पर अधिकारी अपनी आंखें मूंदे बैठे हैं।

### जनप्रतिनिधियों का 'स्वार्थ' या 'सांठगांठ'?

सबसे आश्चर्यजनक और शर्मनाक पहलू यह है कि जनता के वोटों से चुने गए जनप्रतिनिधियों ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है। जानकारों की मानें तो इस चुप्पी का राज 'बस व्यापार' में छिपा है। शहर में चलने वाली अधिकांश बसों के मालिक या तो खुद जनप्रतिनिधि हैं या उनके करीबी रिश्तेदार। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या रसूखदारों की जेब भरने के लिए पूरे शहर की व्यवस्था को गिरवी रख दिया गया है?

## होली पर उमड़ा यात्रियों का 'सैलाब' सतना स्टेशन पर पैर रखने की जगह नहीं



### 30 स्पेशल ट्रेनें भी पड़ीं कम; जनरल कोच में चढ़ने मची अफरा-तफरी

**सतना।** रंगों के त्योहार होली पर घर जाने वालों की भारी भीड़ के चलते सतना रेलवे स्टेशन पर 'पैसेंजर सैलाब' उमड़ पड़ा है। स्टेशन के प्लेटफॉर्म से लेकर ट्रेनों के स्लीपर और जनरल कोच तक में तिल रखने की जगह नहीं बची है। आलम यह है कि रेलवे द्वारा चलाई जा रही 30 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनों के बाद भी यात्रियों को कंफर्म टिकट और कोच में जगह के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### दोगुनी हुई यात्रियों की संख्या

रेलवे प्रशासन के आंकड़ों के मुताबिक,सामान्य दिनों में सतना स्टेशन से लगभग 22 हजार यात्री आवाजाही करते हैं,लेकिन अगले दो दिनों में यह संख्या 40 से 45 हजार तक पहुंचने की संभावना है। सोमवार को हावड़ा-मुम्बई मेल में भीड़ का नजारा इतना खौफनाक था कि दर्जनों यात्री कोच के भीतर प्रवेश ही नहीं कर सके और उन्हें अगली ट्रेन का इंतजार करना पड़ा।

### सुरक्षा के घेरे में स्टेशनः सीसीटीवी से निगरानी

भीड़ का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व सक्रिय न हों, इसके लिए आरपीएफ और जीआरपी ने सुरक्षा चक्र मजबूत कर दिया है। प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के सामान की चेकिंग की जा रही है। प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर सबसे ज्यादा दबाव को देखते हुए वहां 12 अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं। कटनी-मानिकपुर रेलखंड के बीच ट्रेनों में अतिरिक्त जवानों की गश्त बढ़ा दी गई है। भीड़ बढ़ते ही स्टेशन पर अवैध वेंडरों की सक्रियता भी बढ़ गई है। रविवार को आरपीएफ और कमर्शियल विभाग ने संयुक्त छापेमारी कर 22 अवैध वेंडरों को धर दबोचा और उन पर वैधानिक कार्रवाई की गई।

### पोत्तनूर-बरौनी स्पेशल ट्रेन का संचालन

होली की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने पोत्तनूर जंक्शन और बरौनी जंक्शन के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 06021 पोत्तनूर से बरौनी 2 व 9 मार्च (04:30 एएम) रात 09:45 बजे 06022 बरौनी से पोत्तनूर पहुंचेगी।

## जरूरत पड़ी तो खुद दिया रक्तः डॉ.विपिन सिंह ने पेश की मानवता की मिसाल, 45 वर्षीय महिला की बची जान

**मैहर।** मैहर के नागपुर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में मानवता और समर्पण की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई। 45 वर्षीय महिला,जो लंबे समय से भीषण पेट दर्द,अत्यधिक कमजोरी और लगातार भारी रक्तस्राव से पीड़ित थी,को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया। जांच में बड़े गर्भाशय (यूटराइन) फाइब्रॉइड और गंभीर एनीमिया की पुष्टि हुई। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.शैलजा पांडे ने अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ जटिल हिस्टेरेक्टॉमी सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की। सर्जरी के दौरान लगभग 15 सेंटीमीटर का विशालकाय फाइब्रॉइड गांठ और बढ़ा हुआ गर्भाशय सुरक्षित रूप से निकाला गया। टीम में प्रमुख एनेस्थेटिस्ट डॉ.निखिल शुक्ला,सहायक शुभम नमदेव,स्टाफ नर्स सुहासिनी,नर्स रिचा और मैनेजर प्रभात पांडे शामिल रहे। सर्जरी के दौरान मरीज की स्थिति नाजुक हो गई और तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ी। ऐसे समय में अस्पताल के संचालक डॉ.विपिन सिंह ने आगे बढ़कर स्वयं रक्तदान किया और मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। उनका यह कदम न केवल चिकित्सकीय दायित्व बल्कि सच्ची मानवता और सेवा भाव का प्रतीक बना। सर्जरी के बाद मरीज की हालत अब स्थिर है और वह तेजी से स्वस्थ हो रही है।परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और पूरी टीम का आभार जताया। डॉ.शैलजा पांडे ने बताया कि भारत में प्रजनन आयु वर्ग की 10 में से लगभग 3 महिलाएं फाइब्रॉइड की समस्या से प्रभावित होती हैं,लेकिन जागरूकता के अभाव और सामाजिक संकोच के कारण समय पर इलाज नहीं करा पातीं। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि स्वास्थ्य समस्याओं को नजरअंदाज न करें और समय रहते परामर्श लें। नागपुर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल एक बार फिर अपनी विश्वस्तरीय सुविधाओं,अनुभवी टीम और सेवा भावना के कारण चर्चा में है। विशेष रूप से डॉ.विपिन सिंह का यह मानवीय कदम समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन गया।





### जगन्नाथ मंदिर में कलेक्टर ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**मैहर।** जगन्नाथ मंदिर मुकुंदपुर में फाग के अवसर पर लगने वाली भारी भीड़ को देखते हुए मैहर कलेक्टर रानी बाटड़ ने मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। फाग के दौरान भगवान को चढ़ने वाला विशेष महाप्रसाद अटका लेने के लिए दूर-दूर से हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने मौके पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओपी ख्याति मिश्रा,तहसीलदार आर.डी.साकेत,थाना प्रभारी महेंद्र मिश्रा सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करने की बात कही है।



## नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी गोवा से गिरफ्तार




**सतना।** कोठी थाना पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गोवा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई से इलाके में पुलिस की तत्परता की सराहना हो रही है।

मामला 29 जनवरी 2026 को दर्ज हुआ था,जब पीड़ित पक्ष ने रिपोर्ट दी कि उनकी पुत्री खेत जाने का कहकर निकली थी और वापस नहीं लौटी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अपहृत बालिका को 25 फरवरी को कर्नाटक के गुंजी से बरामद किया। बालिका के बयानों और मेडिकल परीक्षण के बाद मामले में धारा 64(2)(m),127, 351(3) BNS और पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। आरोपी दीपाँशु उर्फ अंकुल रजक 19 वर्ष,निवासी ग्राम बरेठिया (नागौद) को गोवा से गिरफ्तार कर सतना लाया गया। सोमवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संतोष तिवारी और उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही।

## साइबर सेल ने विद्यार्थियों को सिखाए ऑनलाइन सुरक्षा के गुर

**सतना। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से जिला पुलिस की साइबर सेल टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। सोमवार को नालंदा लाइब्रेरी एवं रामाग्रुप में आयोजित विशेष सत्रों में लगभग 200 छात्र-छात्राओं और स्टाफ सदस्यों को साइबर सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।**

### 'सावधानी ही सुरक्षा है' का संदेश

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने 'डिजिटल अरेस्ट',यूपीआई फ्रॉड,फिशिंग और सोशल मीडिया हैकिंग जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की।साइबर सेल टीम ने छात्रों को आगाह किया कि कोई भी असली पुलिस या जांच एजेंसी वीडियो कॉल पर डराकर पैसों की मांग नहीं करती। यदि ऐसा होता है,तो वह 'डिजिटल अरेस्ट' फ्रॉड है।



### सुरक्षा टिप्स और हेल्पलाइन

टीम ने मजबूत पासवर्ड, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और संदिग्ध लिंक से बचने की सलाह दी। साथ ही यह भी बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। साइबर सेल ने स्पष्ट संदेश दिया कि थोड़ी सी सतर्कता ही आर्थिक और मानसिक हानि से बचा सकती है। छात्रों ने भी अपनी शंकाओं का समाधान किया और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने की शपथ ली।

## दो अधिकारियों का सेवानिवृत्ति पर आयोजित सम्मान समारोह



**मैहर।** आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एएसआई जवाहर लाल एवं एसआई नागेन्द्र पाण्डे के सेवा निवृत्ति अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एएसपी डॉ.चंचल नागर एवं सीएसपी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जवाहर लाल ने दिनांक 06.11.1985 को आरक्षक के पद से अपनी सेवा प्रारंभ कर लगभग 40 वर्ष से अधिक की दीर्घ सेवाकाल पूर्ण किया। सेवाकाल में उन्होंने विभिन्न पदों पर पदोन्नति प्राप्त करते हुए उत्कृष्ट कार्य किया। इसी तरह नागेन्द्र पाण्डे ने विभाग में नियुक्ति प्राप्त कर सतना,भोपाल,सिंगरौली एवं मैहर सहित विभिन्न जिलों/इकाइयों में कर्तव्यनिष्ठा से सेवाएं दीं। इस अवसर पर एएसपी डॉ.चंचल नागर एवं सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान के द्वारा दोनो आधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ,सुखद एवं मंगलमय सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक नृपेंद्र सिंह सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## 50 बसों की जांच, नियमों के उल्लंघन पर वसूला जुर्माना




**सतना।** परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार प्रदेश भर में यात्री वाहनों की सुरक्षा और नियमों के पालन हेतु विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज, 02 मार्च 2026 को सतना एआरटीओ संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में यात्री बसों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया।

### चेकिंग अभियान के मुख्य बिंदुः

परिवहन विभाग की टीम ने सड़कों पर उतरकर कुल 50 यात्री बसों की विस्तृत जांच की। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और बस संचालकों द्वारा की जा रही अनियमितताओं पर लगाम कसना था। जांच के दौरान क्षमता से अधिक सवारी बैठाना। निर्धारित किराया सूची से अधिक पैसे लेना। परमिट की शर्तों का पालन न करना। जांच के दौरान 12 बसों में विभिन्न आंशिक कमियां और नियमों का उल्लंघन पाया गया। इन वाहनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा कुल 12,000 रुपये का राजस्व (शमन शुल्क) वसूल किया गया।

### इनका कहना है-

यात्रियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। नियमों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों को बख्शा नहीं जाएगा। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा ताकि यात्री निर्भय होकर और उचित किराये पर सफर कर सकें।

**-संजय श्रीवास्तव**
**एआरटीओ सतना।**

## खबर संक्षेप

### घटारी भटवा में बेलगाम ट्राला घर में घुसा, चालक बाल-बाल बचा



पन्ना। जिले के गुनौर-अमानगंज मार्ग पर रविवार और सोमवार की दरमियानी रात बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गुनौर से अमानगंज की ओर आ रहा एक तेज रफ्तार ट्राला ग्राम गटारी, भटवा के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक मकान में जा घुसा। घटना रात करीब 11 से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है। अचानक हुए इस हादसे से गांव में अफरा-तफरी मच गई। ट्राला चालक का पैर वाहन के केबिन में बुरी तरह फंस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला। सूचना के अनुसार, चालक को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। गनीमत रही कि हादसे के समय घर के अंदर मौजूद लोगों को कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ। घटना की जानकारी सोमवार सुबह करीब 9 बजे सामने आई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार भारी वाहनों पर नियंत्रण और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### वन क्षेत्रों में अग्नि बुझाने के दायित्व संबंधी निर्देश

पन्ना। अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे द्वारा गर्मियों के मौसम में मार्च से जून माह की अवधि वन क्षेत्रों में अग्नि बुझाने के दायित्व संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में समस्त कार्यालय प्रमुखों सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ तथा नगरीय निकायों के सीएमओ को अवगत कराया गया है। बताया गया है कि वन क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में नमी ह्रास होने के कारण वन अग्नि की संभावना रहती है। वनकर्मियों द्वारा वन को आग से बचाने के प्रयास के बावजूद कई बार प्रचण्ड अग्नि के कारण सीमित संसाधनों की मदद से आग नियंत्रण में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 79 में यह प्रावधान है कि ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए संबंधित क्षेत्र में सरकार द्वारा नियुक्त हर व्यक्ति वनों में किसी वन अग्नि को बुझाने अथवा वनों के समीप आग को वन में फैलने से रोकने के लिए वनकर्मियों की यथासंभव सहायता के लिए बाध्य होंगे। लापरवाही पर कारावास अथवा जुर्माना या दोनों सजाओं का प्रावधान है। प्रसारित निर्देशों के संबंध में सभी पटवारी, पंचायत सचिव, प्राथमिक शाला शिक्षक, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, कोटवार सहित अन्य सभी मैदानी शासकीय कर्मचारियों को भी अवगत कराने के लिए कहा गया है।

### बुन्देली साहित्य संस्कृति ''वार्ता'' का प्रसारण आकाशवाणी से 4 मार्च, 2026 को प्रातः 07:20 पर

पन्ना। बुन्देली साहित्य संस्कृति बुन्देलखण्ड की आत्मा है। बुन्देलखण्ड में हिन्दुस्तान दिखता है। हिन्दी की अत्यंत लालित्यमयी बुन्देली की गरिमामयी प्रतिष्ठा है, इसे अनेक लब्ध प्रतिष्ठ साहित्यकारों, कवियों ने संवारा है और आज भी उदीयमान कवि, साहित्यकार इस दिशा को आलोकित करने में संलग्न हैं। अतः बुन्देली माटी की खुशबू, लोकभाव की मिठास और भावनाओं की गहराई की अथाह नहीं है जिसमें गोता लगाकर बुन्देली साहित्य संस्कृति से जुड़ी विभिन्न जानकारियों का समावेश बुन्देलखण्ड के प्रसिद्ध कवि, वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक लक्ष्मी नारायण चिरोलया 'चिन्तक' ने बुन्देली साहित्य संस्कृति से संबंधित महत्वपूर्ण वार्ता में बुन्देली साहित्य संस्कृति को समाहित किया है।



# गजरथ फेरी के साथ रविवार को सलेहा में पंचकल्याणक महोत्सव का भव्य तरीके से हुआ समापन

**पन्ना। गजरथ फेरी के साथ आज दिनांक 1 मार्च दिन रविवार को सलेहा नगर में पंचकल्याणक महोत्सव का भव्य समापन हुआ गजरथ फेरी के जुलूस में सबसे आगे क्रम में धर्म ध्वज लेकर अनेक श्रावक आगे आगे चल रहे थे। उनके आगे संगीत की स्वर लहरिया दिखाते हुए दिव्य घोष चल रहा था। उसके पीछे विशिष्ट जन सिर पर पगड़ी लगाए झंडे लेकर चल रहे थे, अगले क्रम में बैंड दल अपनी-अपनी गणवेशों में धार्मिक धुनों को बजाते हुए अनुपम छटा बिखेर रहे थे।**

दिव्य घोष के बाद गजारूढ़ होकर धर्मध्वजा वाहक केसरिया वस्त्र पहनकर धर्म की पताका को लहरा रहे थे। अगली कतार में आचार्यश्री पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज चल रहे थे उनके पीछे आचार्य श्रीसंघ और ब्रह्मचारी, आर्यिका संघ, ब्रह्मचारिणी दीदीया चल रही थी। इनके पीछे इंद्राणीया केसर वस्त्र धारण कर बड़े बाबा छोटे बाबा के जय घोष के साथ चल रहे थे। जैसे गजरथ परिक्रमा पथ पर बढ़ते थे वैसे-वैसे नमोस्तु नमोस्तु के स्वर गुजायमान हो रहे थे।दो गज रथ कुबेर द्वारा दर्शाए हुए रत्नों को सभी धर्म श्रद्धालु जन अपनी-अपनी झोली में समेटने का प्रयास कर रहे थे।आचार्यश्री विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ पंडाल से होकर गजरथ फेरी में



पहुंचे और फेरिया शुरू हो गई सभी रथों में भगवान के माता-पिता विधि नायक, सौधर्म इंद्र, कुबेर, यज्ञ नायक, महायज्ञ नायक, ईशान आदि सवार थे। फेरी के दौरान आचार्य श्री ने उत्साहित जनसैलाब को मंगल आशीर्वाद दिया गज गजरथ फेरी में प्रदेश के कई जिलों आकर जैन धर्म प्रेमियों ने भाग लिया क्षेत्रीय उत्साहित उमड़े जन सैलाब से सलेहा नगर आस्था श्राद्धा का केंद्र बन गया। सलेहा नगर का पंचकल्याणक धार्मिक आध्यात्मिक होने के साथ साथ इतिहासिक रहा नगर के जैन धर्म प्रेमियों ने एकजुट होकर कार्यक्रम का सफल बनाने में कई तरह से सहयोग किया।


## होलिका दहन से पहले अमानगंज पुलिस का शक्ति प्रदर्शन

**सड़कों पर निकला फ्लैग मार्च, शांति और सुरक्षा का दिया संदेश**



**अमानगंज।** आगामी होलिका दहन एवं होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अमानगंज पुलिस द्वारा नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी रवि जादौन के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च में चौकी प्रभारी रजनी समाधिया, सब इंस्पेक्टर डीपी मिश्रा, ईश्वर सिंह सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस बल ने नगर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्र, बस स्टैंड एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान हुड़दंग, असामाजिक गतिविधियों या कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे होली का पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अमानगंज में पुलिस की इस सक्रियता से आमजन में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बना हुआ है।

## आगामी त्योहारों के दृस्टिगत अजयगढ़ पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**अजयगढ़।** आगामी त्योहार होली और रमजान को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अजयगढ़ पुलिस द्वारा नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी हरी सिंह ठाकुर के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखना तथा आमजन में सुरक्षा और विश्वास का भाव उत्पन्न करना था। फ्लैग मार्च की शुरुआत अजयगढ़ थाना परिसर से हुई। यह मार्च बरियारपुर रोड, जय स्तंभ चौराहा, छोटे स्टैंड और त्रिवेणी चौराहा सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः थाना परिसर में संपन्न हुआ। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारे और सौहार्द की भावना बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे नगर में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण मजबूत होगा।

## पन्ना में बसता है ब्रज और बरसाना का अलौकिक रंग



### राधिका मंदिर में रात्रि जागरण, सुबह फूलों और अमीर गुलाल की होरी से सराबोर हुआ पन्ना धाम

**पन्ना।** जब देशभर में होली की आहट सुनाई देती है, तब मंदिरों का शहर पन्ना किसी साधारण नगर की तरह नहीं, बल्कि साक्षात ब्रज और बरसाना की छवि में ढल जाता है। यहां की होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि कृष्ण-राधा भक्ति की जीवंत परंपरा है, जिसमें आस्था, संगीत और संस्कृति एक साथ रंग बिखेरते हैं। किलकिला तट पर बसा 'बरसाना', धाम में सजी 'बृजभूमि'- पन्ना धाम में किलकिला नदी के समीप स्थित श्री महारानी जी (राधिका जी) का मंदिर श्रद्धालुओं के लिए बरसाना का प्रतीक है। वहीं दूसरी ओर श्री प्राणनाथ जी का मंदिर क्षेत्र बृजभूमि की अनुभूति कराता है। प्रणामी सम्प्रदाय के प्रमुख तीर्थ के रूप में प्रसिद्ध यह धाम हर वर्ष फाल्गुन मास में ब्रज संस्कृति का सजीव रूप प्रस्तुत करता है। प्रणामी सम्प्रदाय के अनुयायियों के लिए यह स्थल गहन आस्था का केंद्र है, जहां श्री प्राणनाथ जी को पूर्णब्रह्म परमात्मा के रूप में पूजा जाता है और राधिका रानी के साथ दिव्य लीलाओं का भाव जगाया जाता है।





#### ब्रज की धमार, बरसाने की होरी-

होलिका दहन के एक दिन पूर्व राधिका मंदिर में विशेष श्रृंगार के साथ रात्रि जागरण हुआ। भोग के पश्चात मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और फाग गायन प्रारंभ हुआ। "मोहन खेलत होरी..." और "गोकुल सकल ग्वालिन घर-घर खेलें फाग..." जैसे पारंपरिक धमार गीतों ने वातावरण को वृन्दावन की सुरमयी छटा से भर दिया। रात भर सखियों के भाव में डूबे भक्त राधिका जी को फाग खेलने का आमंत्रण देते रहे। यह दृश्य मानो बरसाना और वृन्दावन की होरी का सजीव प्रतिबिंब हो।

#### सुबह खेली फूलों की होली-

रात्रि जागरण के बाद प्रातःकाल फूलों और अमीर गुलाल की होली खेली गई। मंदिर प्रांगण गुलाबी, केसरिया और लाल रंगों से आच्छादित हो उठा। भक्तों ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। यहां की होली में न तो केवल रंगों की धूम है और न ही केवल रस्मों का निर्वहन, बल्कि यह राधा-कृष्ण के दिव्य मिलन की भावाभिव्यक्ति है।

#### देशभर से उमड़ती आस्था-

हर वर्ष की तरह इस बार भी देश के विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पन्ना धाम पहुंचे हैं। कई श्रद्धालु तो विशेष रूप से ब्रज की होली का अनुभव लेने आते हैं, और पन्ना में उन्हें वही रस, वही उल्लास और वही आध्यात्मिक आनंद प्राप्त होता है। फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा तक यहां दण्ड स्थापना से लेकर होलिका दहन और रंगोत्सव तक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलती रहती है। पन्ना की यह होली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ब्रज संस्कृति की वह जीवंत परंपरा है जो मध्यप्रदेश की धरती पर भी उसी आस्था और उल्लास के साथ आज तक संरक्षित है।

## अजयगढ़ तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार का स्थानांतरण गुनौर एवं रत्नराशि पाण्डे को अजयगढ़ की कमान



**अजयगढ़।** जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तीन नए नायब तहसीलदारों की पदस्थापना की गई है। कलेक्टर ऊषा परमार के निर्देश पर विभिन्न तहसीलों में तहसीलदारों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया। इसी क्रम में अजयगढ़ के तहसीलदार सुरेंद्र कुमार का स्थानांतरण गुनौर किया गया है। वहीं गुनौर में पदस्थ तहसीलदार रत्नराशि पांडे को अब अजयगढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही धरमपुर बृत के नायब तहसीलदार के रूप में हरिनारायण शर्मा की नियुक्ति की गई है। प्रशासनिक बदलाव से राजस्व एवं अन्य शासकीय कार्यों में गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों को आशा है कि नई पदस्थापना से तहसील स्तर पर कार्यों के निष्पादन में और अधिक पारदर्शिता एवं सक्रियता देखने को मिलेगी।



## जनअभियान परिषद के विद्यार्थियों का दक्षिण वन मंडल में शैक्षणिक भ्रमण

पन्ना। पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीवों के महत्व को समझने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विद्यार्थियों ने शनिवार को दक्षिण वन मंडल कार्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने वन संरक्षण, वन्य जीव प्रबंधन और जैव विविधता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक अनीता जाटव के निर्देशन में किया गया। पीएमश्री छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सुबह एमएसडब्ल्यू और बीएसडब्ल्यू के छात्रों की कक्षाएं संचालित हुईं। इसके उपरांत सभी छात्र-छात्राएं एवं परामर्शदाता दक्षिण वन मंडल पन्ना कार्यालय पहुंचे, जहां तीन ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में



डीएफओ अनुपम शर्मा ने वन संपदा, वन संरक्षण की चुनौतियां और वन्य जीवों की सुरक्षा पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वन केवल पर्यावरण संतुलन के लिए ही नहीं, बल्कि मानव जीवन, जल स्रोतों और जलवायु संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। द्वितीय सत्र में जिला समन्वयक अनीता जाटव ने युवाओं की भूमिका और जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि युवा जागरूक होंगे तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस परिवर्तन संभव है। तृतीय एवं अंतिम सत्र में पन्ना टाइगर रिजर्व के उप संचालक वीरेन्द्र कुमार पटेल ने जंगलों की आवश्यकता, इन्हें आग से बचाने के उपाय, टाइगर संरक्षण और वन प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैव विविधता की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और वन विभाग की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा। इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना और अधिक मजबूत हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पन्ना ब्लॉक के परामर्शदाता एवं छात्र उपस्थित रहे।

# छतरपुर पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत होली पर लौटाए 90 गुमशुदा मोबाइल

**छतरपुर।** होली के पावन पर्व पर छतरपुर पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत दर्जनों परिवारों की खुशियां दोगुनी कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के अंतर्गत साइबर सेल और विभिन्न थानों की संयुक्त टीम ने पिछले एक माह में गुम हुए 90 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए हैं। बरामद किए गए इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 14 लाख रुपये बताई गई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने न केवल जिले के भीतर बल्कि उत्तर प्रदेश के हमीरपुर, महोबा, झांसी सहित पड़ोसी जिलों सागर, पन्ना और निवाड़ी जैसे दूरस्थ क्षेत्रों से इन मोबाइलों को ट्रैक कर बरामद किया है। विशेष बात यह है कि ये मोबाइल फोन छात्रों, किसानों, मजदूरों और गृहणियों के थे, जिनके लिए मोबाइल केवल संचार का साधन नहीं बल्कि उनकी मेहनत की कमाई का हिस्सा था।

उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक नेहा



सिंह गुर्जर और उनकी टीम ने इस वर्ष अब तक कुल 300 से अधिक मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की है, जिनकी कुल कीमत लगभग 54 लाख रुपये है। इस सराहनीय कार्य में प्रधान आरक्षक किशोर कुमार, आरक्षक धर्मराज, विजय सिंह, राजीव सिंह, मयंक यादव और अभय सहित जिले के प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की मुख्य भूमिका रही।

मोबाइल गुम होने पर न हों परेशान, ऐसे दर्ज कराएं शिकायत

छतरपुर पुलिस ने जनसामान्य से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर घबराएं नहीं। नागरिक अपने आधार कार्ड, मोबाइल बिल, बॉक्स की फोटो और घटना के स्थान की जानकारी के साथ साइबर सेल के आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 9479991005 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ ही नजदीकी थाने में की गई शिकायत की कॉपी भी साथ रखें, ताकि तकनीकी टीम जल्द से जल्द आपके मोबाइल को ट्रैक कर सके।

## खबर संक्षेप



### बकरी के खेत में घुसने पर हुआ खूनी संघर्ष

**छतरपुर।** ईसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम गहरवार में एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बकरी के खेत में घुस जाने जैसी छोटी सी बात पर दबंगों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों से प्राणघातक हमला कर दिया। इस हमले में महिलाओं सहित परिवार के कई सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सोमवार को न्याय की आस में पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सुरक्षा की गुहार लगाई।

जानकारी के मुताबिक विवाद तब शुरू हुआ जब पीड़ित पक्ष की बकरी पड़ोस के खेत में चली गई। इसी बात को लेकर विकास सिंह, मुलायम सिंह, राजेन्द्र और शिवम सहित उनके अन्य साथियों ने पीड़ित परिवार को घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर की महिलाओं को भी नहीं बख्शा। मारपीट में दो बुजुर्ग महिलाओं के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि परिवार के अन्य सदस्य भी जख्मी हुए हैं, जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया है। घटना के तुरंत बाद ईसानगर थाने में आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला तो दर्ज कर लिया गया है, लेकिन पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस की सुस्ती के चलते नामजद आरोपी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़ित पक्ष ने एसपी को सौंपे आवेदन में बताया कि आरोपी उन पर लगातार नजर रख रहे हैं और समझौते का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोपियों के रसूख और उनकी धमकियों से पूरा परिवार दहशत में है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। इस मामले में पुलिस का कहना है कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और विवेचना जारी है, साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जिपं सीईओ ने श्रद्धा सुमन अभियान के तहत दिया नियुक्ति पत्र



**छतरपुर। जिला प्रशासन की पहल सोमवार हो सकारात्मक, जिसमें ऐसे प्रकरण जो लंबे समय से लंबित है उनके तत्काल निराकरण किए जाएं। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में श्रृध्दा सुमन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित प्रकरणों का निराकरण कर आवेदक को नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा जाता है।**

ऐसी ही पहल सोमवार 2 मार्च को देखने को मिली। जब जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया द्वारा आवेदक शिखा शिवहरे को जनपद पंचायत गौरिहार के ग्राम पंचायत कटरा में सचिव के पद पर अनुकंपा नियुक्ति पत्र का आदेश सौंपा गया। शिखा के पिता स्व.दिनेश प्रसाद शिवहरे ग्राम पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत थे, सेवाकाल के दौरान उनकी दुःखद मृत्यु हो गई थी। दिवंगत शासकीय सेवक को श्रृद्धा सुमन के रूप में उनकी बेटी को त्वरित कार्यवाही एवं सकारात्मक पहल के साथ अनुकंपा नियुक्ति दी गई। इस दौरा शिखा और उनकी माँ खुशी से भावुक हो उठी। उन्होंने शासन प्रशासन को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि पद रिक्त नहीं होने के कारण कई दिनों से नियुक्ति नहीं मिल पा रही थी। लेकिन जैसे ही पद रिक्त हुआ तो जिला प्रशासन द्वारा तत्काल नियुक्ति देने की कार्यवाही की। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि 2022 में शिखा के पिता की दुःखद मृत्यु हो गई थी। अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदक कई दिनों से परेशान थे, क्योंकि पद रिक्त नहीं थे। जैसे ही पद रिक्त हुआ तो कलेक्टर के निर्देशन में आवेदक को बुलाकर तत्काल अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। साथ ही पदस्थापना भी उनके ग्राम रेवना के नजदीकि ग्राम कटरा में की गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की पहल है कि हर परेशान व्यक्ति यहां आए तो मुस्कुराता हुआ जाए। कलेक्टर श्री जैसवाल के निर्देशन में जिले में दिवंगत शासकीय सेवकों के संबंधित वैध वारिस को अनुकंपा नियुक्ति देने की तत्काल प्रक्रिया की जा रही है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश भर में छतरपुर जिला प्रशासन अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण करने में उदाहरण बनकर उभरा है। जहाँ नई ऊर्जा और सकारात्मक संकल्पों की राह से अनुकंपा नियुक्ति की उम्मीद लगाए चेहरों पर खुशियां बिखर रहीं हैं। जिला प्रशासन द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को बहुत ही आसान किया गया है, जिससे आवेदकों को बहुत ही कम समय में अनुकंपा नियुक्ति मिल रही।

# सूने मकान से 15 तोला सोना और नगदी ले उड़े चोर



### 28 लाख की चोरी का खुलासा न होने पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**छतरपुर** जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंज में हुई लाखों रुपये की सनसनीखेज चोरी का खुलासा न होने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को पीड़ित परिवार ने ग्रामीणों के साथ पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुँचकर एक शिकायती आवेदन सौंपा और चोरी गई संपत्ति की बरामदगी व आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

गंज निवासी पीड़ित नारायण सिंह ने बताया कि गत 15 फरवरी को दोपहर में वह अपने पूरे परिवार के साथ एक सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव में शामिल होने गए थे। घर सूना पाकर अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया और घर के ताले तोड़कर भीतर प्रवेश किया। चोरों ने अलमारी में रखे करीब 15 तोला सोने के जेवरात, जिनमें सोने की चेन, हार, मंगलसूत्र, झुमकी, चूड़ियां और सोने के सिक्के शामिल थे, पार कर दिए। इसके अलावा चांदी की पायलें, चांदी के गिलास, सिक्के और करीब 70 हजार रुपये नगद भी चोरी कर लिए गए। नारायण सिंह के अनुसार, चोरी गए कुल जेवरात और नगदी की अनुमानित कीमत करीब 28 लाख रुपये है। घटना के तुरंत बाद बमीठा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, लेकिन घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। एसपी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द खुलासा करने की मांग की है।

## छतरपुर में बुंदेलखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन का शंखनाद



छतरपुर। जिले की पत्रकारिता में लंबे समय से पत्रकारों की एकजुटता और अधिकारों के लिए एक स्थानीय मजबूत मंच की जो आवश्यकता महसूस की जा रही थी, उसने आज बुंदेलखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के रूप में आकार ले लिया है। स्थानीय पत्रकारों की गरिमा, सुरक्षा और सशक्त आवाज बनने के संकल्प के साथ इस नए संगठन का विधिवत गठन किया गया। पत्रकार अरविन्द जैन ने संगठन की आवश्यकता और रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पत्रकारों के कल्याण के लिए एक ठोस संरचना तैयार कर ली गई है। बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों ने एक स्वर में वरिष्ठ पत्रकार सुनील पांडे को संगठन का अध्यक्ष और सक्रिय पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम सोनी को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है।नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील पांडे ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए कहा यह संगठन किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि पत्रकारिता की मर्यादा और साथियों की सुरक्षा के लिए समर्पित है। हम पूर्णतः निष्पक्ष होकर पत्रकारों के अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे। वहीं, जिला संयोजक राधेश्याम सोनी ने कहा कि संगठन जिले के हर छोटे-बड़े पत्रकार को एक सूत्र में पिरोकर स्थानीय मुद्दों को मजबूती से शासन-प्रशासन के समक्ष उठाएगा।संगठन के गठन के साथ ही पत्रकारिता जगत में एक और खुशी का अवसर रहा। इस मौक़े पर पत्रकार कल्याण परिषद के प्रदेश महा सचिव ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने वालों में पत्रकार मनोज सोनी, राजीव शुक्ला, राकेश रिछारिया, उन्नत पचौरी, संजू त्रिपाठी, उदय शर्मा, मनीष खरे, फ़ज्जू महाराज, भूपेंद्र सिंह, राज पटेरिया, लखन राजपूत, पुष्पेंद्र दीक्षित, मयंक रावत और राजा ठाकुर सहित अनेक पत्रकार साथी मौजूद रहे। संगठन जल्द ही अपनी विस्तृत कार्य कारिणी की घोषणा करेगा।

# 3 मार्च की जगह 4 मार्च को रंग गुलाल का त्यौहार और 5 मार्च को भाई दूज का त्यौहार मनाया जाएगा

### रंग गुलाल के त्यौहार होली को लेकर सज गया बाजार, देर रात होगा होलिका दहन

**छतरपुर।** रंग गुलाल का त्यौहार होली पर्व मनाने के लिए लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। होली के पर्व पर बाजार भी रंग गुलाल और विभिन्न प्रकार की पिचकारियों मुखौटों और तरह तरह के रंग विरंगे गुलाल से सज गया है। बच्चों से लेकर बड़े तक होली की खरीददारी करने में व्यस्त देखे गए। हालांकि होली का त्यौहार महीने की शुरूआत में होने के कारण सरकारी कर्मचारियों में कम उत्साह देखा गया क्योंकि सरकारी कर्मचारियों की बेतन नहीं मिल पाई थी। बाजार में खरीदादारों की काफी भीड़ नजर आई चौक बाजार, पन्ना नाका सहित अन्य स्थानों पर होली का बाजार सजा देखा गया।

### होली को लेकर पुलिस मुस्तैद -

रंग गुलाल के त्यौहार होली पर किसी तरह की हुंडदंग ना हो और लोग शांति से यह त्यौहार मनायें, इसलिए पुलिस प्रशासन भी



पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। पुलिस के वरिष्ट अधिकारी पुलिस बल को लगातार ड्यूटी के लिए गाईड कर रहे है, ताकि आसाजिक तत्व होली के त्यौहार पर बाधा उत्पन्न ना कर सकें। पुलिस की मोबाईल टीमें भी होली पर लगातार भ्रमण कर व्यवस्था पर नजर रखेंगे।

### मावा दुकानों पर हो रही भीड़ -

बुंदेलखंड में परम्परा है कि होली के त्यौहार पर मावा से गुजिया घर घर बनाई जाती है, इसलिए मावा की अधिक बिक्री होती है। इसलिए मावा की दुकानें भी सज रही। 300 रूपए से लेकर 500 रूपए प्रति किलो तक मावा बाजार में बिका, लेकिन फूड सेफ्टी विभाग की ओर से कोई सैम्पलिंग की कार्यवाही नही की गई और ना ही अधिकारियों ने मावा दुकानों का निरीक्षण किया। जिससे त्यौहार की आड़ में घटिया किस्म का मावा भी दुकानदारों ने खपाने का काम किया।

### जगह जगह होगा आज होलिका दहन -

रंग गुलाल का त्यौहार जो तीन दिन चलता है इस त्यौहार के पहले दिन जगह जगह पर होलिका दहन किया जायेगा। होलिका दहन को लेकर बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। देर रात तक होलिका दहन को लेकर शहर में चहल पहल बनी रहेगी, और पुलिस की मोबाईल टीमें भी होलिका दहन वाले स्थानों में भ्रमण करके व्यवस्था पर नजर रख रहीं। चूँकि तीन मार्च को चंद्र ग्रहण है इसलिए तीन मार्च की जगह चार मार्च को रंग गुलाल का त्यौहार मनेगा और 5 मार्च को भाई दूज का त्यौहार खुशी के साथ मनाया जाएगा।

# साफ स्वस्थ्य अधिकारी राजेश शुक्ला व तत्कालीन कलेक्टर को बदनाम करने की साजिश नाकाम

### लगाये गए आरोप वेबुनियाद

आजकल किसी बदनाम करना व सोसल मिडिया पर बिना तथ्यों आरोप लगा देना आम सी बात हो गई है बता दे कि एक ऐसा ही मामला जो वे बुनियाद है जिसमे रत्ती भर कोई सच्चाई नही है उस मुद्दे को एक नेताजी अपने आप को चमकाने के चक्कर मे ईमानदार साफ स्वस्थ्य अधिकारी को बदनाम कर रहे है।

ज्ञातव्य हो कि सिंगरौली जिलें के धिरौली कोल ब्लाक के ग्राम-बासीबेरदह में आराजी नंबर 983 आदिवासी की जमीन थी, जिसका वर्ष 2013 में राजेश शुक्ला सयुक्त कलेक्टर, तत्कालीन कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा हेरा-फेरी करके तत्कालीन पटवारी उमेश कुमार दुबे के नाम कर दिया हैं।

जबकि इस संबंध में वस्तुस्थिति यह हैं कि वर्ष 2013 में सिंगरौली जिलें मे न तो राजेश शुक्ला की पदस्थापना थी, और न ही तत्कालीन कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला की पदस्थापना थी। उमेश कुमार दुबे द्वारा तत्कालीन कलेक्टर न्यायालय जिला सिंगरौली म०प्र० के प्रकरण क्रमांक 69/अ -21/2016-17 आदेश दिनांक 28-12-2017 की अनुमति के बाद म०प्र० भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के प्रावधानों के तहत भूमि क्रय की हैं, राजेश शुक्ला को भू-अर्जन का प्रभार तत्कालीन कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा नही दिया गया था, बल्कि चन्द्रशेखर शुक्ला के पूर्व पदस्थ तत्कालीन कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीणा द्वारा कार्यालय कलेक्टर एवं जिलादण्डाधिकारी, जिला-सिंगरौली म0प्र0 का आदेश क्रमाक 313/स्थापना / 2022 सिंगरौली दिनांक 27 मई 2022 को कार्य विभाजन के तहत सहायक भू-अर्जन का प्रभार दिया गया था।

रीता दुबे, दीप्ति त्रिपाठी को मकान का मुआवजा बनाये जाने के संबंध में लेख किया गया है। जबकि वस्तुस्थिति यह हैं कि जिस व्यक्ति की भूमि पर स्थित परिसम्पतियों का अर्जन किया जाता हैं। उसका अर्जन करते वक्त भूमि पर अंकित परिसम्पतियों का मूल्यांकन कर प्रतिकर की राशि गणना कर अवार्ड पारित किया जाता हैं।

धिरौली कोल ब्लाक का अवार्ड तत्कालीन कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के कार्यकाल में नही हुआ है। जबकि अवार्ड तत्कालीन कलेक्टर अरूण कुमार परमार के कार्यकाल में दिनांक 01-03-2024 को हुआ है। भूमि का सर्वेक्षण के समय भी राजेश शुक्ला की पदस्थापना सिंगरौली जिले मे नही थी। समाचार पत्रों मे यह भी लेख हैं कि दीप्ति त्रिपाठी पति धर्मेन्द्र त्रिपाठी व्यवसायिक पार्टनर हैं। जबकि धर्मेन्द त्रिपाठी को राजेश शुक्ला जानते भी नही है। कुछ लोग बिना प्रमाणिकता के ही आरोप लगाकर समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर सुर्खियों मे रहना चाहते है झूठी खबरें निकाली गई समाचार पत्रों मे वास्तविकता से परे एवं भ्रामक है।

## रीजन 11 के सर्वश्रेष्ठ जॉन चेयरपर्सन अवार्ड से सम्मानित हुये लॉयन अधिवक्ता सुशील शिवहरे



**छतरपुर।** डिस्टिक 3233 सी के माइक्रो चेयर पर्सन एमजेएफ लॉयन भगवत शरण अग्रवाल एवं लॉयन डॉ कृष्णा रावत को उत्कृष्ट सेवा गतिविधि सम्मान 2025-2026 के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ़ लायंस क्लब डिस्टिक 3233 सी रीजन कांफ्रेस 2025 -2026 वर्ष का आयोजन सतना सिटी के एक निजी होटल मे किया गया। जिसमे रीजन 11 के सभी क्लबो ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता की। डिस्टिक 3233 सी के रीजन 11 के जॉन चेयरपर्सन लॉयन अधिवक्ता सुशील शिवहरे के द्वारा 2 नये क्लब डिस्टिक को दिय गए। साथ ही अपने अंतर्गत आने वाले क्लबों को प्रेरित करते हुये वर्ष भर विभिन्न प्रकार की सेवा गतिविधियां करवाई। जिसके लिए डिस्टिक 3233 सी के रीजन लॉयन अशोक जायसवाल के द्वारा वर्ष 2025-2026 के सर्वश्रेष्ठ जॉन चेयरपर्सन अवार्ड से सम्मानित किया गया एवं डिस्टिक 3233 सी के माइक्रो चेयर पर्सन एमजेएफ लॉयन भगवत शरण अग्रवाल एवं लॉयन डॉ कृष्णा रावत को उत्कृष्ट सेवा गतिविधि सम्मान 2025-2026 के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा दिव्यांग कर्मचारियों हेतु उल्लासपूर्ण पिकनिक का किया गया आयोजन





**सिंगरौली। 1 मार्च 2026 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस लेक पार्क में विशेष रूप से दिव्यांग कर्मचारियों के लिए एक उल्लासपूर्ण पिकनिक का आयोजन किया गया।**

लगभग 15 दिव्यांग कर्मचारी अपने परिवारजनों सहित उत्साहपूर्वक शामिल हुए, जो संगठन की समावेशी भावना को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान म्यूजिकल रेस, लेमन-एंड-स्पून रेस और हाउजी जैसे मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। साथ ही कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने गीत, कविता और चुटकुलों की प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत बना दिया। प्रबंधन द्वारा भोजन एवं अल्पाहार की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे सभी ने आरामदायक एवं यादगार अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन होली के रंगों के साथ हुआ, जहां प्रतिभागियों ने गुलाल लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कर्मचारियों ने इस पहल के लिए प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की अपेक्षा जताई।

खबर संक्षेप



### टाईगर सफारी 3 और 4 मार्च को रहेगा बंद

**रीवा ।** महाराजा मार्तण्ड सिंह व्हाइट टाईगर सफारी मुकुंदपुर रीवा संभाग का प्रमुख पर्यटन केन्द्र है। इसमें प्रतिदिन हजारों पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं। शासन द्वारा घोषित होली पर्व के अवकाश 3 मार्च तथा 4 मार्च को टाइगर सफारी बंद रहेगा। इस संबंध में टाईगर सफारी के संचालक ने बताया कि अवकाश के दिनों में पर्यटकों के भ्रमण के लिए टाईगर सफारी बंद रहेगा। यह 5 मार्च को निर्धारित समय अनुसार पर्यटकों के भ्रमण के लिए पुनः खुलेगा।

### सिलेंडर से गैस रिसाव ने मचाई तबाही, पूरा घर जलकर खाक, लाखों का नुकसान

**रीवा।** जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी गोरगी गांव में सोमवार को गैस सिलेंडर से हुए रिसाव के कारण भीषण आग लगने से एक परिवार का आशियाना जलकर राख हो गया। हादसे में घर में मौजूद लोग बाल-बाल बच गए, लेकिन गृहस्थी का सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटी गोरगी निवासी रामाश्रय साकेत के घर में परिजन नया गैस सिलेंडर लाकर उसे पाइप से जोड़ रहे थे। इसी दौरान सिलेंडर से गैस का रिसाव होने लगा। बताया जा रहा है कि रिसती गैस धीरे-धीरे पूरे कमरे में फैल गई। परिजन स्थिति को समझ पाते उससे पहले ही अचानक आग भड़क उठी और देखते ही देखते लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही परिवार के लोगों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई और तत्काल पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही गुढ़ थाना पुलिस और रायपुर कर्चुलियान पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मी इंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि तब तक पूरा घर जल चुका था। घटना के समय बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और राहत कार्य में सहयोग किया। आगजनी में घर का सारा सामान, फर्नीचर, कपड़े और अन्य जरूरी घरेलू सामग्री जलकर राख हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार पीड़ित परिवार को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है पुलिस ने घटना की जानकारी दर्ज कर ली है और मामले की जांच की जा रही है। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को राहत सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू किए जाने की बात कही जा रही है।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में होली के दिन बचाई गई जटिल हृदय रोगी की जान

### टीएपी तकनीक का सफल प्रयोग

**रीवा।** रंगों के त्योहार होली के अवसर पर जहाँ पूरा प्रदेश उत्सव में डूबा था, वहीं रीवा के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने एक गंभीर मरीज को नया जीवन देकर मानवता की मिसाल पेश की है। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.के. त्रिपाठी और उनकी टीम ने एक अत्यंत जटिल हार्ट प्रोसीजर को सफलतापूर्वक संपन्न कर मरीज की जान बचाई। मरीज की धमनियों में 'बाइफरकेशन ब्लॉकेज' की समस्या थी, जहाँ नस दो हिस्सों में बंटती है। ऐसी स्थिति में इलाज करना काफी चुनौतीपूर्ण माना जाता है। डॉ. त्रिपाठी ने आधुनिक टीएपी तकनीक का उपयोग कर बंद नसों को खोला। यह सफल ऑपरेशन अस्पताल की हाई-टेक कैथ लैब में पूरी सटीकता के साथ किया गया।



इस सफलता में कैथ लैब टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसमें जय नारायण मिश्रा, सुधांशु तिवारी, सुमन साहू, अमन मिश्रा, सत्यम, निकित, विजय और सोनाली शामिल थे। डॉ. त्रिपाठी ने इस उपलब्धि का श्रेय उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के विजन और श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल व सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव के कुशल प्रशासनिक नेतृत्व को दिया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के प्रयासों से रीवा अब स्वास्थ्य सेवाओं का उत्कृष्ट केंद्र बन चुका है। अब विंध्य क्षेत्र के मरीजों को हृदय रोगों के जटिल उपचार के लिए बड़े महानगरों की ओर नहीं भागना पड़ता, बल्कि उन्हें स्थानीय स्तर पर ही विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

## होली में उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्वों पर कठोरता से कार्यवाही करें : कलेक्टर



### सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों का करें निराकरण

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक टीलए बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी एसडीएम होली त्योहार को देखते हुए कानून और व्यवस्था सुनिश्चित करें। अपने अनुभाग की प्रमुख बस्तियों में फ्लैग मार्च निकालें। असामाजिक तथा उपद्रवी तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें। होली जलाने के लिए निर्धारित सार्वजनिक स्थलों का दौरा करके कानून व्यवस्था की निगरानी करें। परंपरागत रूप से तय स्थानों पर ही होली जलाने की समझाइश दें। आमजनता को होलिका दहन के लिए गोकाष्ठ के उपयोग के लिए प्रेरित करें। वृक्षों की रक्षा करने के लिए होलिका दहन में गोकाष्ठ का उपयोग किया जाए। त्यौहार के दौरान उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्वों पर कठोरता से कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम अपने अनुभाग में बैठक लेकर संकल्प से समाधान अभियान में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की समीक्षा करें। सभी कार्यालय प्रमुख भी उनके विभाग से जुड़े आवेदन जनपद पंचायत से प्राप्त करके उनका निराकरण कराएं। सीएम हेल्पलाइन में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। सभी अधिकारी 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सभी आवेदनों का निराकरण कराएं। एसडीएम और तहसीलदार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सहकारिता विभाग, पीएचई, श्रम विभाग तथा शिक्षा विभाग में भी बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनके निराकरण के विशेष प्रयास करें।

कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी विभागीय समितियों का गठन से संबंधित प्रस्ताव आज ही प्रस्तुत कर दें। जिला आपूर्ति अधिकारी उचित मूल्य दुकानों के सत्यापन की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सत्यापन करके रिपोर्ट प्रस्तुत न करने वाले अधिकारियों को एक वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस दें। उप संचालक कृषि तथा जिला प्रबंधक विपणन संघ खाद की आपूर्ति और भण्डारण पर निगरानी रखें। वर्तमान में खाद की मांग बहुत कम हो गई है। शासन के निर्देशों के अनुरूप खाद का अग्रिम भण्डारण कराएं। बैठक में कलेक्टर ने हैण्डपंपों के सुधार, छात्रवृत्ति वितरण, किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने तथा गिरदावरी के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए हर किशोरी को एचपीवी टीका लगवाएं - कलेक्टर

### अभियान चलाकर एक माह में किशोरियों को लगाएं कैंसर से बचाव का टीका



**रीवा ।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने एचपीवी टीकाकरण अभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि एचपीवी टीका महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने का सबसे सुरक्षित उपाय है। महिलाओं में होने वाले कैंसर में सबसे अधिक सर्वाइकल कैंसर ही होता है। शासन द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 और 15 वर्ष की किशोरियों को निःशुल्क टीके लगाए जा रहे हैं। इसके लिए जिले भर में शुरू किए गए विशेष अभियान में एक माह में सभी किशोरियों को कैंसर से बचाव के टीके लगाएं। यह टीका पूरी तरह से सुरक्षित और कैंसर से बचाव के लिए कारगर है। सभी अभिभावक अपनी बेटियों को कैंसर से बचाने के लिए यह टीका अवश्य लगवाएं। स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग मिलकर सभी चिन्हित किशोरियों को टीका लगवाएं। जिला शिक्षा अधिकारी स्कूल के अभिलेखों के आधार पर 14 और 15 वर्ष की किशोरियों की सूची बनाकर उन्हें निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में टीके लगवाएं। कलेक्टर ने कहा कि कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए एचपीवी टीका बहुत कारगर है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टीका लगाने के लिए सभी टीकाकरण केन्द्रों में प्रिशिक्षित चिकित्साकर्मी तैनात करें। वैक्सीन को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार व्यवस्था करें। किशोरियों तथा उनके माता-पिता को वैक्सीन के पूरी तरह से सुरक्षित और कारगर होने के संबंध में समझाइश दें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चिन्हित किशोरियों की सूची जिला शिक्षा अधिकारी, एसडीएम तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को उपलब्ध कराएं। अभियान के दौरान कोई भी चिन्हित किशोरी टीकाकरण से वंचित न रहे।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनुराग शर्मा ने बताया कि टीकाकरण के लिए मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल तथा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सेमरिया में सेंटर बनाए गए हैं। समग्र पोर्टल के आधार पर 14 और 15 वर्ष की किशोरियों की सूची बनाई गई है। यह टीका पूरी तरह से सुरक्षित और कारगर है। टीका लगने के बाद कभी-कभी हल्के बुखार की समस्या होती है। इसे चिकित्सक के परामर्श से एक-दो गोलियाँ लेकर ही ठीक किया जा सकता है। सभी किशोरियाँ नाश्ता अथवा भोजन करके ही टीके लगवाएं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम और आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किशोरियों को टीकाकरण के लिए मोबिलाइज किया जा रहा है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संभागीय आईटीआई में अल्पकालीन रोजगार/स्वरोजगार

प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

**रीवा ।** संभागीय आईटीआई में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत निः शुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। प्राचार्य संभागीय आईटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार इलेक्ट्रिक व्हीकल सर्विस लीड टेक्नीशियन, आईओटी सॉफ्टवेयर एनालिस्ट असिस्टेंट बेलनेंस कन्सल्टेंट एवं कारपेंटर स्पेशलिस्ट के लिये आवेदन कार्यालयीन दिवसों में जमा किये जा सकते हैं।

## अमेरिका साम्राज्यवादी मंसूबे पूरा करने दूसरे देशों को युद्ध भूमि बना रहा: अजय खरे

**रीवा ।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की साम्राज्यवादी नीति के चलते ईरान के ऊपर हुए हमले के बाद खाड़ी देशों और आसपास के बड़े क्षेत्र में महायुद्ध की अप्रिय स्थिति निर्मित हो गई है। इसके पहले अमेरिका ने वेनेजुएला में जो कुछ हुआ वह भी संप्रभुता संपन्न देश पर हमला है। इधर एक तरफ गाजा शांति प्रस्ताव की बात होती है और दूसरी तरफ अमेरिका ईरान पर अनुचित दबाव बनाने इजरायल के साथ मिलकर उस पर हमला बोल दिया। वहीं ईरान ने अपनी संप्रभुता बचाने डरने की जगह अमेरिकी चुनौती को स्वीकार कर लड़ाई जारी रखी है। अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत के बाद भी ईरानी लोगों के हौसले बुलंद हैं। श्री खरे ने कहा कि इतिहास गवाह है कि संकट के समय अमेरिका कभी भारत के साथ नहीं रहा बल्कि लगातार अपमानित करता आया है, वहीं ईरान ने ऐतिहासिक मित्रता को कायम रखा। सन 1965 का युद्ध हो या सन 1971 का अमेरिका ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान की खुलकर मदद की थी। लेकिन वह अपने नापाक मकसद में अभी तक कामयाब नहीं हो सका। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा कुछ दिन पहले इजराइल जाकर वहां के प्रधानमंत्री नेतन्याहु के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा शांति प्रस्ताव का खुलकर समर्थन किया गया पर मोदी के स्वदेश लौटते ही अमेरिका ने इजराइल से मिलकर ईरान पर हमले की शुरुआत कर संबंधित क्षेत्र को महायुद्ध का अखाड़ा बना दिया है। श्री खरे ने कहा कि भारत ने लंबे समय तक गुटनिरपेक्ष आंदोलन का नेतृत्व करके दुनिया में शक्ति संतुलन और शांति को बढ़ावा दिया है। वर्तमान समय में ढुलमुल नीति होने से संकट बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एवं इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहु युद्ध अपराधियों जैसा कृत्य कर रहे हैं। इस पर लगाम लगाई जाना चाहिए। अमेरिका अपने साम्राज्यवादी हितों को पूरा करने के लिए इसराइल को आगे कर रहा है। देखने में आता है कि अमेरिका कभी भी अपने देश को युद्ध का अखाड़ा नहीं बनने देता बल्कि दूसरे देशों की भूमि का गलत इस्तेमाल कर नरसंहार को बढ़ावा देकर मानवता को कलंकित कर रहा है। ऐसा करना अत्यंत गैर जिम्मेदाराना शांति विरोधी विस्तारवादी निंदनीय कृत्य है।

## पुलिस ने खुद को गोली मारने के आरोप पर बनाया था आरोपी, न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में किया दोषमुक्त

### पुलिस की थ्योरी पर नहीं लगी मुहर, साक्ष्य कमजोर पड़ने पर अनुल सिंह बरी

**रीवा। जमीनी विवाद से जुड़े कथित गोलीकांड में बड़ा मोड़ सामने आया है। पुलिस द्वारा आरोपी बनाकर जेल भेजे गए अनुल सिंह को न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में असफल रहा, जिसके बाद अदालत ने अनुल सिंह को सभी धाराओं से बरी कर दिया।**

मामला थाना बिछिया क्षेत्र का है। पुलिस



अभिलेख के अनुसार 31 अक्टूबर 2024 को अनुल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पुष्पेंद्र सिंह उर्फ पम्मू, अज़ीद खान और रणविजय सिंह ने जमीनी विवाद के चलते पिस्टल से फायर कर उन्हें पेट में गोली मार दी। घायल अवस्था में उनका उपचार संजय गांधी अस्पताल, रीवा में कराया गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने नामजद संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर यह तथ्य सामने आया कि घटना के समय संदेही अन्य स्थानों पर मौजूद थे। इसके बाद पुलिस ने जांच की दिशा बदली और दावा किया कि अनुल सिंह ने स्वयं को गोली मारकर अन्य लोगों को झूठा फंसाने का प्रयास किया। पुलिस ने अनुल सिंह के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिस्टल और खोखा बरामद करने का दावा करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले का विचारण रीवा के अपर सत्र न्यायाधीश आशीष शुक्ला की अदालत में हुआ। अभियोजन पक्ष ने आरोप सिद्ध करने के लिए 10 गवाहों और फोरेंसिक साक्ष्य प्रस्तुत किए, लेकिन अदालत में आरोप प्रमाणित नहीं हो सके। साक्ष्यों के अभाव में न्यायालय ने अनुल सिंह को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 217, 248, 229, 231 तथा आयुध अधिनियम की धारा 25 एवं 27 के तहत दर्ज अपराधों से दोषमुक्त घोषित कर दिया। अनुल सिंह की ओर से अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार (शेरा सिंह) एवं उनके सहयोगी अधिवक्ता गिरीश पटेल ने पैरवी की।

## वैश्य महासम्मेलन मऊगंज की नई कमान: सुलेन्द्र कुमार गुप्ता का भव्य अभिनंदन

**व्यापारियों और पदाधिकारियों ने दिखाई एकजुटता**

**श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में गूंजा वैश्य समाज का जयघोष; नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत**



**मऊगंज।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश, जिला इकाई मऊगंज के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुलेन्द्र कुमार गुप्ता का प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। बस स्टैंड स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह में जिले भर से आए वैश्य समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों और व्यापारी वर्ग ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और नई ऊर्जा के साथ संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुलेन्द्र गुप्ता के पहुँचते ही उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और गगनभेदी नारों के साथ उनका स्वागत किया। वैश्य समाज के वरिष्ठ नेताओं ने इसे समाज की एकता की जीत बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मऊगंज जिला प्रभारी डॉ. प्रमोद गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ व्यापारी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, नगर अध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता, और वरिष्ठ समाजसेवी जवाहरलाल गुप्ता ने भी नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का उत्साहवर्धन किया। इस सम्मान समारोह में राकेश श्रीवास्तव, जय लाल चौरसिया, श्रीनिवास त्रिपाठी, अखिलेश्वर जायसवाल, लव कुश गुप्ता, रामपाल गुप्ता, राजेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, मनीष पटेल, पवन सोनी, मनीष गुप्ता, अवध शरण कारपेंटर, रामचंद्र गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, चंदन सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और व्यापारी उपस्थित रहे। सम्मान से अभिभूत सुलेन्द्र कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वे उस पर पूरी निष्ठा से उतरेंगे। उन्होंने व्यापारियों के हितों की रक्षा और वैश्य समाज को जिले में एक नई पहचान दिलाने का भरोसा दिलाया।

## मऊगंज जिले मे खाद्य प्रतिष्ठानों में की गई जाँच की कार्यवाही

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देश पर होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा हनुमना एवं मऊगंज स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों एवं डेयरियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को स्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थ निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान हनुमना स्थित तिवारी खोवा भंडार से खोवा के दो नमूने, राजस्थान मिष्ठान भंडार से छेना रसगुल्ला, बर्फी एवं कलाकंद के नमूने लिए गए। मऊगंज स्थित नर्मदा डेयरी से दूध एवं मिश्रित दूध के नमूने, शुभम मार्केटिंग से तिल तेल एवं एनर्जी ड्रिंक के नमूने, शारदा डेयरी से खोवा एवं पनीर के नमूने, चौरसिया स्वीट्स हाउस से कलाकंद, बर्फी एवं घी लड्डू के नमूने लिए गए। उक्त नमूनो को जांच हेतु राज्य खाद्य



परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। वहां से प्राप्त जांच प्रतिवेदनों के आधार पर अमानक पाए गए प्रकरण पर वैधानिक कार्रवाई प्रस्तावित की जावेगी एवं बिना लाइसेंस/ रजिस्ट्रेशन खाद्य व्यवसाय संचालित करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

आमजन को दूध एवं दुग्ध पदार्थ में संभावित मिलावट जानने की जानकारी दी गई। दूध, खोवा पनीर एवं दही एवं खोवे से बनी मिठाइयों में आयोडीन टिंचर डालने पर यदि गहरा नीला कलर आए तो उसमें स्टार्च के मिलावट हो सकती है एवं पनीर चबाने में चिंगम सा प्रतीत हो तो उसमें अरारोट की मिलावट हो सकती है। शुद्ध घी दो उगलियों पर धीरे-धीरे मसलने पर दरदरा प्रतीत न हो तो वह शुद्ध घी मिलावटी हो सकता है। बाजार में गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री का विक्रय सुनिश्चित कराने के लिए कार्यवाही लगातार की जा रही है।